तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : लखनलाल



## खबर संक्षेप

### वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह कल

**हरदीबाजार।** नेक द्वारा बी ग्रेड मूल्यांकित शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में 20 फरवरी को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक व जनभागीदारी समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पाली रोहित सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एमएम वैष्णव करेंगे। महाविद्यालय परिवार ने ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों को आयोजन में शामिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

### छिंदपुर में बिजली समस्या का हुआ समाधान

**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत छिंदपुर में लंबे समय से बनी हुई बिजली समस्या का आखिरकार सामाधान हो गया है। जिला कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा व विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर के द्वारा किए गए प्रयासों और आवेदन के बाद छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग के द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए नया केबल लगाया गया। जिससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुचारू हो गई है। बिजली की लो-वोल्टेज, अप डाउन से ग्रामवासी लंबे समय से खासे परेशान थे, इस समस्या के सामाधान के लिए कृष्णानंद राठौर ने विभाग को पत्र लिखकर समस्या समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने और समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। जिसपर विभाग ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामवासियों को राहत दी है।

### पुराने बस स्टैण्ड में अग्रवाल सभा का होगा होली दहन

**कोरबा।** अग्रवाल सभा के द्वारा विगत दिनों अग्रसेन भवन कोरबा में बैठक का अयोजन किया गया जिसमें होली दहन, होली मिलन व आगामी सामान्य सभा की बैठक अयोजन करने के निर्णय लिये गये। इस अवसर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लिए गये निर्णय में पुराने बस स्टैण्ड कोरबा में पारंपरिक तारीके से होली दहन 2 मार्च को रात्रि 1.35 मिनट पर किया जायेगा। इसके साथ ही 4 मार्च को अग्रवाल सभा के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम अयोजित होगा। इसके साथ ही आगमी आने वाले दिनों में अग्रवाल सभा के द्वारा सामान्य सभा का अयोजन किया जायेगा । बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय भी जिये गये।

### रिक्त पदों में भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अन्तर्गत के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा क्र. 1(धवईपुर), खोडरी क्र. 2 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्र. 1 में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र केसला, रलिया क्र. 3, रलिया क्र.2, ज्योतिषनगर (भिलाई बाजार), तेलसरा क्र. 3, हुंकरा, सोनपुरी एवं नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड क्र. 10 एवं 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र दुर्गाचौक में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाए गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा ने इस सम्बंध में बताया कि प्राप्त आवेदनों अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक जारी करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा में सूची चस्पा किया गया है। इस सम्बंध में अभ्यर्थियों से 24 फरवरी से 5 मार्च तक आवेदन मंगाया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि तक कार्यालयीन समय मे परियोजना कार्यालय कटघोरा में दावा आपत्ति जमा कर सकते हैं।

# जिले में 43 मछुआ सहकारी समिति ही कर रही हैं मत्स्य पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जलाशयों और बड़े तालाबों वाले क्षेत्रों में मछली पालन व्यवसाय को व्यवस्थित करने के लिए सहकारिता विभाग के द्वारा कुल 58 मछुआ सहकारी समितियों का गठन किया गया था जिनमें 15 सहकारी समितियां निष्क्रिय की श्रेणी में है। केवल 43 समितियों के द्वारा व्यवसाय किया जा रहा है।

मछली पालन के लिए मत्स्य विभाग के द्वारा बड़ी ग्राम पंचायतों से समितियों को शासकीय प्रक्रिया के तहत तालाबों व जलाशयों का आबंटन कराकर मछली पालन कार्य कराया जा रहा है जिसके लिए सहकारिता विभाग के द्वारा मछुआ सहकारी समितियों का गठन भी किया गया है ताकि मत्स्य पालकों को इस व्यवसाय से जोड़ा जाए और उनके उत्पाद को मार्केट तक पहुंचाया जाए। सहकारिता विभाग के इस कदम का परिणाम यह है कि 43 सहकारिता समितियों के द्वारा मछली पालन नए तालाब में किया जा रहा है। इन समितियों का ऑडिट भी सहकारिता विभाग के द्वारा ही कराया जाता है। कुल 58 समितियों में 15 मछुआ सहकारी समितियों के द्वारा अपने किसी भी तरह का ना तो व्यवसाय किया जा रहा है और ना ही समितियों के ऑडिट कराया जा रहा है। जिसकी वजह से सहकारिता विभाग के रिकार्ड में इन समितियों को निष्क्रिय माना गया है।

### कुल 58 सहकारी समितियां हैं जिनमें 15 नहीं हैं सक्रिय

**खास बातें**

- पंचायतों से समितियों को दिलाए गए हैं तालाब
- 43 समितियों के द्वारा व्यवसाय किया जा रहा



### बीमा के साथ दी जाती है सामग्रियां

मत्स्य पालन करने वाली समितियों के सदस्यों के लिए बीमा भी कराया जाता है और साथ ही मत्स्य पालन के लिए नाव और जाल जैसी आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया जाता है। बीमा का लाभ उन मत्स्य पालकों को मिलेगा जो अपने उत्पात को बेचने के लिए जाते समय दुर्घटना का शिकार होता है। ऐसे मत्स्य पालकों को ही 1 लाख रुपए बीमा की राशि प्रदान की जाती है लेकिन उक्त मत्स्य पालक को किसी मछुआ सहकारी समिति का सदस्य होने के साथ मत्स्य विभाग में पंजीकृत भी होना चाहिए।

## फार्मर आईडी बनाना किया गया अनिवार्य

# तीन माह में जुड़ गए 10 हजार नए किसान, जिन्हें मिलेगी सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम किसान निधि का दायरा बढ़ाने के लिए कृषि विभाग के द्वारा चलाए गए अभियान के तारतम्य में केवल 3 माह में ही 10 हजार नए किसान ई-च्वाईस के माध्यम से जुड़ गए हैं। जिन्हें पीएम किसान सम्मान निधि की राशि अगली किश्त में मिलेगी। पिछली किश्त 80 हजार किसानों को मिली थी। यह संख्या बढ़कर अब 90 हजार हो गई है। इसमें संयुक्त खाताघारी किसान भी शामिल है। अब इन्हें भी सम्मान निधि देने का निर्णय लिया गया है।

जिले में कृषि विभाग के अनुसार 1 लाख से अधिक छोटे बड़े किसान हैं इनमें कुछ किसान के रुप में पंजीकृत होकर शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और वही कुछ इन योजनाओं से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसे किसानों को भी जिनकी जमीनें संयुक्त खाते में शामिल हैं लेकिन उनका राजस्व रिकार्ड में नाम दर्ज नहीं है। ऐसे छोटे किसानों को भी संयुक्त खाते का हिस्सेदार बनाकर उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा जा रहा है। बीते 3 माह से चले ई-च्वाईस के माध्यम से 10 हजार ऐसे किसानों को जोड़ा गया है जो कृषक होते हुए भी किसान सम्मान निधि से वंचित थे। वंचित किसानों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। इस नए नियम से संयुक्त खाते के हिस्सेदारों को किसान सम्मान निधि राशि मिलने का रास्ता भी खुल गया है। कृषि विभाग ने अपने पोर्टल के माध्यम से इन्हें जोड़ने का काम कर रहा है। इस अभियान से दूर दराज के किसानों को जो जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते थे उन्हें इसका लाभ मिला है।

**खास बात**

- पिछली किश्त 80 हजार किसानों को मिली थी



फाइल फोटो

### 10 हजार नए किसानों का पंजीयन

किसान सम्मान निधि के लिए अब प्रत्येक किसान को फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। अब तक 80 हजार किसानों को ही सम्मान निधि मिल रही है। तीन माह में 10 हजार नए किसान जुड़े हैं इन नए किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिलाने के लिए फार्मर आईडी बनाने का काम किया जा रहा है।

**-डी पी एस कंवर,** उपसंचालक कृषि

### 51 हजार किसानों की बनी फार्मर आईडी

कृषि विभाग की एग्री स्ट्रीक परियोजना के अंतर्गत किसानों के फार्मर आईडी बनाने का काम किया जा रहा है। सरकार के द्वारा किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य किया गया है। पुराने 80 हजार किसान जिन्हें किसान सम्मान निधि की राशि मिल रही है उनमें 51 हजार किसानों का ही फार्मर आईडी बन सका है। शेष 29 हजार किसान का फार्मर आईडी बनाना शेष रह गया है। वहीं नए 10 हजार किसान जिनका पंजीयन हुआ है उनका भी फार्मर आईडी बनाने का काम शुरु हुआ है। इस तरह कुल 39 हजार नए पुराने किसानों को मिलाकर फार्मर आईडी बनाना शेष है।

### फौती बंटवारा बन रही है बाधा

कई किसानों के जमीनों के रिकार्ड राजस्व विभाग में अभी भी उनके दिवंगत परिजनों के नाम में ही है। फौती बंटवारा नहीं होने के कारण ऐसे किसान जो खेती तो कर रहे हैं लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ केवल इसलिए नहीं मिल रहा है कि उनके जमीनों के रिकार्ड में दिवंगत परिजनों का ही नाम दर्शाया जा रहा है। फौती कटवाने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

# डेढ़ महीने के भीतर 214 शराबी चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ज्यादातर सड़क हादसे या तो रफ्तार की वजह से या फिर नशे में वाहन चलाने की वजहसे होते हैं। । जिले में ऐसे सड़क हादसे न हो इसके लिए पुलिस लगातार सड़क पर उतरकर काम कर रही है। खासतौर पर नशे के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान चला रही है। नशे में वाहन चलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पिछले डेढ़ महीने के दौरान जिला पुलिस की टीम ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 214 चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर 21 लाख 40 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। ज्यादातर सड़क हादसे या तो शराब के नशे में होते हैं। खासतौर पर ट्रक चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हैं और हादसे से के शिकार हो जाते हैं और लोगों की मौत हो जाती है। इन्हीं हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस शराबी चालकों के खिलाफ एक्शन में नजर आ रही है। बताया जाता है कि यातायात पुलिस की टीम जिले के अलग-अलग चौक चौराहों में पहुंचकर शराबी चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यातायात सउनि मनोज राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी से अब तक जिला पुलिस की टीम ने शराबी चालकों के खिलाफ कुल 214 लोगों पर कार्रवाई की है जिनसे बतौर जुमार्ने के रूप में 21 लाख 40 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है साथ ही ऐसे शराबी चालकों पर सख्त कार्रवाई हो सके इसके लिए यातायात पुलिस इन सभी चालकों का लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए परिवहन विभाग को भी पत्र भेजा जाएगा।

**खास बात**

- 21 लाख 40 हजार रुपए वसूला गया जुर्माना



फाइल फोटो

# महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने नाबालिग लड़के का रुकवाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला एवं बाल विकास विभाग की पाली परियोजना के ग्राम पोटापानी में बाल विवाह होने का एक मामला सामने आने पर विभागीय अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रुकवा दिया है। मामले में सूचना मिली थी जिस लड़के की शादी तय हुई है वह नाबालिग है।

मौके पर टीम ने पहुंचकर दस्तावेजों की जांच करते हुए शिकायत सही पाए जाने की पुष्टि की। पुष्टि के उपरांत पर्यवेक्षक, आईसीपीएस टीम एवं थाना प्रभारी पाली के संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया गया। संयुक्त दल द्वारा संबंधित परिवारजनों एवं ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। दल के प्रयासों से नाबालिग बालक का विवाह सफलतापूर्वक रुकवाया गया। साथ ही परिवार को यह स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। संबंधित पक्षों को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने हेतु समझाइश दी गई एवं आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक ज्योति सोनी, पुलिस विभाग से एएसआई हुसैन खान और आरक्षक हेमंत कुर्रे, पंचायत सचिव कृष्णा यादव, चाइल्ड लाइन से अमित खैरवार उपस्थित थे।

### तालाब में वृद्ध की मिली लाश

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुपातराई में बुधवार की सुबह एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव गांव के तालाब में तैरता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय बुद्धू राम मैत्री रोज की तरह सुबह घर से दातून करने और टहलने के लिए निकले थे। परिजनों ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह की दिनचर्या पूरी कर थोड़ी ही देर में वापस लौट आते थे, लेकिन बुधवार को काफी समय बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचे। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान गांव के तालाब में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसकी पहचान बुद्धू राम मैत्री के रूप में हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई,सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

# दो छात्रों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सिविल लाइन क्षेत्र में कक्षा 12वीं के दो छात्रों ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। छात्रों में किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं इस हादसे के बाद परिजन सदमे में हैं। पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आईटीआई रामपुर कॉलोनी की है। यहां निवासरत उज्जवल डडसेना उम्र 17 साल पिता स्व रामप्रसाद डडसेना अपने दीदी जीजा के पास रहकर एसईसीएल डीएव्ही स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था और बुधवार को उज्जवल का बोर्ड परीक्षा था। सुबह 10 बजे से 1 बजे तक सेंट जेवियर्स स्कूल में सेंटर मिला था जहां उसे परीक्षा देना था। जब वह परीक्षा में अनुपस्थित रहा तो उसके परिजन घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उज्जवल डडसेना घर के पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा है। परिजनों ने इसकी सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। जिसके उपरांत सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही पर सौ को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजनों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उज्जवल किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बना हुआ है जिसमें छात्र ने अपने शव को मेडिकल कॉलेज को दान करने का जिक्र किया है। वहीं दूसरी घटना भी सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी कॉलोनी की है। यहां निवासरत गजेंद्र कौशिक का 17 वर्षीय पुत्र दीपांशु कौशिक भी कक्षा 12वीं का छात्र था जिसने दोपहर को अपने घर के पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गजेंद्र कौशिक ड्यूटी से घर पहुंचा तो देखा कि उसका पुत्र दीपांशु कौशिक फांसी के फंदे पर झूल रहा था। जिसके बाद आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतार कर निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दीपांशु कौशिक के राजस्थान कोटा में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था और कुछ दिन पहले ही 12वीं का पेपर देने के लिए राजस्थान कोटा से अपने घर आया हुआ था लेकिन न जाने इस बीच क्या हुआ कि उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजन भी समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर दीपांशु ने ऐसा क्यों किया। फिलहाल पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर ली हे। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा कि किन कारणों के चलते दोनों छात्रों ने आत्मघाती कदम उठाया है।

**खास बातें**

- एक छात्रा ने सुसाइड नोट में मेडिकल कॉलेज में देहदान करने का किया जिक्र
- दोनों ही मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का, दोनों ही कक्षा 12वीं के थे छात्र



मृतक उज्जवल।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष ने श्री महंत ने संगठन के सभी पदों से दिया इस्तीफा

# कुसमुंडा एटक संगठन में मतभेद, क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सचिव पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में मजदूर आंदोलन को लेकर एटक संगठन के भीतर गंभीर मतभेद सामने आए हैं। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के क्षेत्रीय अध्यक्ष बीएल महंत ने संगठन के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दो माह पूर्व खदान में कार्यरत कामगारों की जटिल समस्याओं को लेकर एटक, एचएमएस एवं इंटक यूनियनों ने संयुक्त रूप से 5 सूत्रीय मांगों पर आंदोलन का ऐलान किया था। इस आंदोलन को क्षेत्रीय अध्यक्ष बीएल महंत ने समर्थन दिया था।

एटक कुसमुण्डा के क्षेत्रीय सचिव अजीत कुमार सिंह ने एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखकर आंदोलन के लिए दिए गए नोटिस तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष के हस्ताक्षर को शून्य घोषित कर दिया और आंदोलन से किनारा कर लिया। इसके बावजूद बीएल महंत आंदोलन में शामिल हुए, जिसके बाद से संगठन में आंतरिक खींचतान शुरू हो गई। बीएल महंत ने अपने त्यागपत्र में आरोप लगाया है कि पिछले एक वर्ष से क्षेत्रीय सचिव द्वारा मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन में पदाधिकारियों और समिति सदस्यों का मनमर्जी फेरबदल किया गया। यूनियन के बैंक खाते में क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम नहीं जोड़ा गया, जिसे उन्होंने संदेहजनक बताया। मजदूरों के वाजिब हक की लड़ाई पर चुप्पी साध ली गई। श्री महंत ने यह भी उल्लेख किया कि इन सभी मामलों की मौखिक और लिखित शिकायत एसकेएमएस (एटक) के केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा को दी गई, लेकिन अब तक संगठन की बिगड़ी स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



### लेबर कोड पर भी जताई चिंता

अपने इस्तीफे में श्री महंत ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड का जिक्र करते हुए कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष की आवश्यकता है, लेकिन संगठनात्मक कमजोरियों के कारण कुसमुण्डा क्षेत्र में मजदूरों की प्रभावी लड़ाई नहीं लड़ी जा पा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्ष होने के नाते मजदूरों के प्रति उनकी जवाबदेही है, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में संगठन के भीतर रहकर वे मजदूर हित में कुछ भी प्रभावी नहीं कर पा रहे थे।

# अनाचार के मामले में आरोपी को मिली 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे दस वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपए की अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीमा प्रताप चन्द्रा द्वारा अभियुक्त सूरज चौहान उर्फ दादू को बलात्संग का दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि आरोपी ने झाड़ फूंक का बहाना बनाकर पीड़िता को उसके सास के घर में स्थित कमरे में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके कपड़े निकालकर, जबरदस्ती बलात्कार किया। जिस पर पीड़ित ने चौकी रजगामार में शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर पुलिस ने विवेचना उपरांत अभियोग पत्र सीमा चंद्रा, अपर सत्र न्यायाधीश, फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश किया। जहां अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक मोहन सोनी ने ठोस दलीले पेश की जिस पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देकर 10 वर्ष की सजा और एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बच्ची सहित मां की मौत

**बिलासपुर।** बाइक के झटके से 6 माह की बेटी के साथ मां सड़क पर गिर गई। इसी दौरान उनके बगल से गुजर रहे ट्रक का चक्का दोनों के उपर से गुजर गया। मां बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया, बुधवार की सुबह बोड़सरा निवासी अशोक यादव पत्नी शिवरात्रि यादव, 6 माह की बेटी कनिका यादव को लेकर बाइक से बोड़सरा लौट रहे थे। मस्तूरी नव जीवन हास्पिटल के पास सुबह 8.15 बाइक रोककर रूके थे। उसके बाद अशोक यादव ने बाइक चालू कर पत्नी बेटी को बैठाकर तेज रफ्तार में क्लच छोड़ा तो झटके से मां बेटी बाइक से सड़क में गिर गए। इसी दौरान उनके बगल से गुजर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 08 डब्ल्यू, 1435 का पिछला चक्कर मां बेटी के ऊपर से गुजर गया। हादसे में मां बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**बिलासपुर।** सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सीपत उज्जवल नगर निवासी बीके मंडल पिता आनंद बोरा मंडल 55 साल विगत 1 जनवरी 2026 को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन के द्वारा उन्हें सरकण्डा क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सरगना व विक्रेता महिला गिरफ्तार, 4 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा विक्रेता महिला व सरगना को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली बिरकोना में एक महिला पुड़िया में गांजा बेच रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर बिरकोना निवासी प्रमिला वर्मा पति टेंगना वर्मा 32 साल को पकड़कर घर की तलाशी ली तो वहां 3 किलो 700 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उसने मटियारी निवासी बलिराम यादव से खरीदकर बेचने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सरगना बलीराम यादव को पकड़ लिया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पटना एवं चर्लपल्ली स्पेशल चलेगी सात फेरे के लिए

**बिलासपुर।** पटना-चर्लपल्ली मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सात होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन पटना एवं चर्लपल्ली के मध्य सात फेरे के लिए की जा रही है। यह गाड़ी प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से 03253 नंम्बर के साथ 9 से 30 मार्च तक 7 फेरे के लिए तथा प्रत्येक बुधवार को चर्लपल्ली से 03254 नम्बर के साथ 11 मार्च से 1 अप्रैल तक 4 फेरे के लिए चलेगी। प्रत्येक शुक्रवार को चर्लपल्ली से 03255 नम्बर के साथ 13 से 27 मार्च तक 3 फेरे के लिए चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन में 1 एसएलआर, 2 सामान्य, 4 स्लीपर, 7 एसी थ्री, 7 एसी थ्री ईकोनोमी श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेगी।

---

**मरीज और परिजनों को होती है असुविधा** | ई रक्तकोश में 13 में से 5 सेंटरों के ब्लड के रिकार्ड नहीं

# ब्लड बैंकों में आंकड़ों का झोल, नेशनल पोर्टल में दर्ज नहीं है रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक्सीडेंटल केस, थैलीसीमिया, सिकलिंग जैसी बीमारियों के रक्त की आवश्यकता उसकी तरह है जैसे जीवन के लिए सांस। लेकिन शहर के ब्लड बैंक कैंप के माध्यम से लोगों का रक्त लेकर सरकार को बताना जरूरी नहीं समझते हैं। जिले में 13 में से 5 ब्लड बैंक के रिकार्ड नेशनल पोर्टल में दर्ज नहीं हैं। ब्लड को लेकर लंबे समय से गफलत चल रही है, लेकिन इसकी सही तरह से निगरानी करने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम हो चुका है।

नेशनल हेल्थ मिशन और नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के नियमों के अनुसार ब्लड बैंकों को कलेक्टिव ब्लड की जानकारी सार्वजनिक करने का नियम बनाया गया है। इसके लिए बकायदा ई रक्तकोश में सभी ब्लड बैंक के डोमेन बनाए गए है लेकिन शहर के 13 में से 5 ब्लड बैंकों के रिकार्ड तक दर्ज नहीं है। गंभीर बात यह है कि इसमें शासकीय जिला अस्पताल भी शामिल है। ऐसे में लोगों को ब्लड लेने के लिए एक जगह से दूसरी जगहों पर भटकने की नौबत आती है। खास बात यह है कि इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सीएमएचओ और ड्रग विभाग को दी गई है लेकिन अधिकारियों को जांच करने की फुरसत नहीं है। यही कारण है कि एनएचएम के पोर्टल में भी ब्लड के रिकार्ड दर्ज नहीं है।

#### फ्री में उपलब्ध कराया जा सकता है ब्लड



सिम्स के वरिष्ठ काउंसर डॉ अनिल कुमार सक्सेना ने बताया कि हीमोग्लोबीनोपैथी यानी खून से जुड़ी बीमारी जिसमें हीमोफीलिया, थैलीसीमिया, सिकलसेल के मरीजों को ब्लड बैंक द्वारा निशुल्क ब्लड उपलब्ध किया जाता है है। इसके साथ ही एड्स, कैंसर, एचआईवी पीड़ित के साथ ही एक्सीडेंटल केस में भी बिना एक्सचेंज के खून देने का प्रावधान है। सिम्स के ब्लड उपलब्धता का रिकार्ड नियमित तौर पर पोर्टल में उपलब्ध रहता है।

#### जिला अस्पताल में भी गड़बड़ी

एनएचएम के पोर्टल में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उपलब्ध खून की उपलब्धता की जानकारी लंबे समय से अपडेट नहीं है। यही कारण है कि खून की आवश्यकता होने पर लोगों को जिला अस्पताल में ब्लड उपलब्धता की जानकारी नहीं मिल पा रही है। शासकीय अस्पताल होते हुए भी जिला अस्पताल द्वारा बरती जा रही लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है।

#### इन सेंटरों के रिकार्ड नहीं

एनएचएम के रक्त कोश पोर्टल में बिलासपुर जिले के 5 ब्लड सेंटरों ने रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया है। इसमें बिलासा ब्लड सेंटर, बिलासपुर ब्लड सेंटर, ब्लड बैंक रिजिनल अस्पताल, डिस्ट्रीक अस्पताल और शिफा ब्लड सेंटर शामिल है। अब विभाग के अधिकारी इन ब्लड सेंटरों में कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

#### एचबीटीसी को सूचना दी जाएगी

ब्लड की उपलब्धता की जानकारी नेशनल पोर्टल ई रक्तकोश में देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर ब्लड जांच की जाएगी और एचबीटीसी के अधिकारियों को इसकी सूचना भेजी जाएगी।

**-भीष्म सिंह कंवर**, ड्रग कंटोलर, फूड एण्ड ड्रग विभाग

---

एमआईसी की बैठक में मामले को रख दुकानों का आबंटन रद्द किया जाएगा

# महिला समृद्धि बाजार और नूतन चौक की 23 दुकानें सील, 10 सालों से 31 लाख बकाया



**इन दुकानों को किया गया सील**

**महिला समृद्धि बाजार-** दुकान नंबर 10, 12, 14, 15, 16, 17, 21, 28, 29, 36, 48, 49, 76, 80, 82, 85, 92 । **कन्या शाला नूतन चौक- दुकान नंबर** 1, 16, 22, 23, 33

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार की 13 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है। इन दुकानदारों द्वारा पिछले 10 सालों से 22 लाख रुपए जमा नहीं किया जा रहा है। इसी तरह निगम ने नूतन चौक स्थित 10 दुकानों पर भी ताला जड़ दिया। इन दुकानों पर 5 सालों से 8 लाख 11 हजार रुपए का किराया बाकि है।

■ **दोनों जगहों पर जमकर हंगामा किया गया, कार्रवाई रोकने की कोशिश**

निगम के मुताबिक किराया राशि जमा करने के लिए दुकान संचालकों को बार-बार नोटिस जारी किया गया। इसके बावजूद दुकान संचालक ध्यान नहीं दे रहे थे इसलिए निगम ने कार्रवाई की है। इस दौरान दोनों जगहों पर जमकर हंगामा किया गया। खास तौर पर गणेश चौक में महिलाओं ने कार्रवाई रोकने की कोशिश की। निगम अधिकारियों के मुताबिक एमआईसी की बैठक में मामले को रखते हुए दुकानों का आबंटन रद्द किया जाएगा। गौरतलब है कि नेहरू नगर के गणेश चौक में स्थित महिला समृद्धि बाजार को सब्जी विक्रेताओं के लिए सुव्यवस्थित करने की योजना थी। यह योजना मुख्य रूप से महिला सब्जी विक्रेताओं को स्थायी और व्यवस्थित जगह प्रदान करने के लिए बनाई गई थी ताकि बृहस्पति बाजार की तरह ही यहाँ भी बेहतर सुविधा मिल सके। इसका किराया सिर्फ 800 रुपए रखा गया जिससे की महिलाओं पर बोझ ना पड़े। शुरूआत में महिलाओं के नाम पर दुकान का आबंटन भी किया गया था। इसके बाद लेकिन इस पर पुरुषों का कब्जा हो गया। दुकानदारों ने किराया भी देना बंद कर दिया। निगम ने दुकान सील करने के बाद शटर पर सूचना चस्पा की है। कोई भी किराएदार बिना राशि पटाए दुकान पर लगी सील को तोड़ता है तो उसके खिलाफ पुलिस में अपराध पंजीबद्ध कराया जाएगा। हालांकि बाजार विभाग की टीम ने सभी लोगों को इतना समय दिया कि वे अपने जरूरी सामान दुकान से बाहर निकाल सकें, उसके बाद सील किया।



#### दूसरे लोगों को 5 और 8 हजार किराए पर दे दिया

निगम के मुताबिक महिला समृद्धि बाजार का निर्माण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए किया गया है। महिला समृद्धि बाजार योजना में महिलाएं योजना की हितग्राही थी। महिला समितियों से जुड़ी गरीब परिवार की महिलाओं को इससे लाभ पहुंचना था। इसमें 80 वर्गफुट में तैयार 60 से ज्यादा पक्की दुकान बनाईं गईं जिन्हे महिलाओं को व्यवसाय के लिए देना था लेकिन वर्तमान में हाल यह है कि किसी भी दुकान में कोई महिलाएं नजर नहीं आती और पुरुषों का कब्जा हो गया है। यही नहीं दुकानों को 5 से लेकर 8 हजार तक उप किराएदारी पर चढ़ा दिया गया है। महिलाएं उपकिराएदारी से तो पैसा कमा रहीं लेकिन निगम को 800 रुपए भी नहीं दिया जा रहा है।

#### गैराज, प्रिंटर्स, कंप्यूटर, कैटरर्स जैसी महंगी दुकानें

महिला समृद्धि बाजार में गरीब परिवार की महिलाओं को व्यवसाय करना था, लेकिन इस बाजार में गैराज, प्रिंटर्स, कंप्यूटर, कैटरर्स, सेकंड हैंड गाड़ी, साथ ही गैस गोडाउन जैसी महंगी दुकानें खुली हुई है। इससे यह बिल्कुल स्पष्ट हो रहा है कि जिस उद्धेश्य से इस समृद्धि बाजार का निर्माण किया गया था वह पूरा नहीं हो रहा है। खास बात है कि नोटिस संबंधित दुकानों में भेजा गया था, लेकिन यहां दुकान संचालित करने वालों ने बताया कि उन्होंने दूसरे व्यक्ति से दुकान किराये पर ली है। इसके बाद निगम ने जब दुकानों के एलाटमेंट की फाइल खोली तो दुकानों के मालिकों के नाम और पित व पिता के नाम थे, लेकिन उनका पता और संपर्क नंबर तक नहीं था। दुकानों के बाहर नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कराया था। इसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस तामिली करने का गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार में पंचनामा कराया गया।

---

# ट्रांसफार्मर का केबल जला सुबह से बंद रही बिजली, 6 घंटे बाद सप्लाई नार्मल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली लगातार जवाब दे रही है, बुधवार की सुबह 6.30 बजे कुदुडंड में बिजली बंद रही। माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर के केबल में अचानक आग लगने के कारण बिजली सप्लाई ठप रही, लेकिन बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी सप्लाई शुरू होने में 6 घंटे लग गए।

■ **कुदुडंड के माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर की घटना**

ठंड की विदाई के बाद अब गर्मी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में 4 माह से बंद पंखे और एसी अब शुरू हो चुके हैं। जाहिर है इसका असर ट्रांसफार्मर में दिखाने लगा है। सिटी सर्किल में रोजाना बिजली बंद होने की घटना सामने आ रही है। बुधवार को कुदुडंड के माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर का केबल जल गया। सुबह 6.30 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान कई घरों में पीने का पानी तक पहुंचा। लोगों से सुबह 8 बजे के करीब बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी, लेकिन दोपहर के 1 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि 11 बजे के बाद सुधार के लिए पहुंचे कर्मचारियों को मरम्मत कार्य में 2 घंटे का समय लग गया, जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी।

#### यहां भी रही बिजली बंद

बताया जा रहा है कि 11केवी सीएमडी कालेज फीडर में मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद किया गया था। सुबह 11 से 12.30 बजे तक शेड्यूल लेकर मरम्मत कार्य कराया गया। इस दौरान विद्या नगर, सीएमडी चौक और अपोलो फार्मेसी जैसे जगहों पर बिजली बंद रही। साथ ही करबला रोड, बीजेपी कार्यालय, कुम्हारपारा स्कूल के आसपास भी बिजली दोपहर को आती-जाती रही है।

---

# दो भाइयों के साथ मारपीट कर ईंट से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश दो बाइक में सवार पांच युवकों ने पीछा कर स्कूटी सवार दो भाइयों को टक्कर मारकर गिरा दिया। उसके बाद बेरहमी से मारपीट कर ईंट से हमला कर सिर फोड़ दिया है। थाने जाने पर घायल दोनों भाईयों को मुलाहिजा कराया गया। उसके बाद बिना रिपोर्ट लिखाए लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया है।

■ **पुलिस ने शिकायत लेकर चलता किया**

चकरभाठा निवासी अविनाश शर्मा ने बताया, पिछले कुछ दिनों से वह अपने मौसी के घर में रह रहे है। मंगलवार की रात 9 बजे वह मौसेरे भाई शिवांश तिवारी के साथ स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। नेहरू चौक से जबड़ापारा निवासी युग मिश्रा अपने चार साथियों के साथ बुलेट व एक अन्य बाइक में गाली गलौज करते हुए पीछा करने लगे। राजेन्द्र चौक में स्कूटी को टक्कर दी। जिससे दोनों भाई स्कूटी सहित गिर गए। उसके बाद युवकों ने दोनों भाईयों के साथ हाथ मुक्का बेल्ट से बेरहमीपूर्वक मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर अविनाश का सिर फोड़ दिया। वहीं शिवांश तिवारी के साथ मारपीट करते हुए गले से सोने की चेन लूटकर भाग गए। दोनों भाई ने सिविल लाइन थाना जाकर टीआई एसआर साहू को घटना की जानकारी दी।

दोनों भाईयों को अस्पताल भेजकर मुलाहिजा कराया गया। उसके बाद बिना रिपोर्ट लिखे मामले की लिखित शिकायत लेकर थाने से चलता कर दिया गया है। इधर दूसरे पक्ष के युग मिश्रा के घरवाले थाने पहुंच गए और पीड़ित दोनों भाईयों पर पूर्व में हुए विवाद में समझौता नहीं करने पर मारपीट करने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे।

#### दोनों पक्षों ने शिकायत की है

दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। दोनों की शिकायत पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

---

# जेल में बंद 3 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर लूटपाट के मामले में जेल में बंद 3 तीन आरोपियों को रिमांड में लेने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया है।

हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, 1 मार्च 2025 को पेंड्रीडीह चौक राज ढाबा के पास ट्रक चालक से मारपीट कर मोबाइल, 7 हजार रुपए लूट लिया गया था। पिछले दिनों कोनी पुलिस ने ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर खलासी की चाकू मारकर हत्या के मामले में सिरगिट्टी निवासी जय दिवाकर उर्फ छोटू पिता बबला दिवाकर 20 साल, सूरज साहू पिता सूरेश साहू 20 साल, प्रदीप धुरी पिता परसराम धुरी 19 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उक्त तीनों युवकों ने पेंड्रीडीह चौक में ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करना स्वीकर कर किया था। उक्त मामले में हिर्री पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन रिमांड लेकर जेल से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने के बाद बुधवार को उक्त मामले में गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया गया है।

---

# घंटों इंतजार करते रहे परिजन, शव वाहन नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





सिम्स में एक बार फिर असंवेदनशीलता दिखाई दी, जहां नवजात की मौत के बाद पिता को घंटों शव वाहन का इंतजार करना पड़ा। वहीं वाहन नहीं मिलने पर पिता ने नवजात को गोदी में रख बाइक से अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मामला सिम्स मेडिकल कालेज का है। बिलाईगढ़ के देवरगढ़ निवासी बीनू मारकंडेय अपनी पत्नी शीला मारकंडेय को सिम्स में प्रसव पीड़ा के बाद 17 फरवरी को भर्ती कराया गया। इस दौरान नार्मल डिलीवरी के लिए जदोजहद में नवजात की मौत हो गई। जिससे मरच्यूरी में रख दिया गया। इस दौरान अपने गृहग्राम ले जाने के लिए बीनू को शव वाहन की जरूरत थी, इसलिए शववाहन संचालक को बार-बार फोन करता रहा। संचालक ने बताया कि शासकीय अनुदान से प्राप्त 4 शव वाहनों में 3 वाहन खराब है। ऐसे में एक शव वाहन ही उपलब्ध है लेकिन यह भी शहर के अन्य जगहों पर चल रही है। ऐसे में इंतजार करना होगा। बताया जा रहा है कि बीनू ने करीब 4 घंटे तक शव वाहन का इंतजार किया लेकिन वाहन नहीं पहुंचने पर बाइक के सहारे नवजात को अपने गांव ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हृदयविदारक घटना के बाद सिम्स में चल रहे शव वाहनों के रखरखाव और मेंटनेंस पर भी सवाल उठने लगा है। शासकीय अनुदान से प्राप्त शव वाहनों का हाल बेहाल है।

---

# बिना लाइसेंस के धान बीज भंडारण पर कार्रवाई, किया गया जब्त

**अंबिकापुर।** शहर के कान्तिप्रकाश पुर में संचालित कोल्ड स्टोरेज में कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज से बड़े पैमाने पर धान बीज जब्त किया है। कोल्ड स्टोरेज में एक्सपायरी डेट के बीज भी मौजूद थे। अब इस मामले में कोल्ड स्टोरेज संचालक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

बताया जा रहा है कि कृषि विभाग को सूचना मिली थी की कोल्ड स्टोरेज में बड़े पैमाने पर धान बीज रखा गया है और एक्सपायरी धान बीज को बाजार में खापाने की तयारी है। सूचना के बाद कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि के निर्देशन में बीज निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं टीम के द्वारा मंगलवार को दरिमा मोड़ स्थित मां महामाया कोल्ड स्टोरेज में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोल्ड स्टोरेज में विभिन्न कंपनियों के मक्का, धान एवं सरसों बीज अवैध रूप से भंडारित पाए गए। संचालक के पास धान बीज भंडारण का लाइसेंस नहीं था। कोल्ड स्टोरेज के संचालक द्वारा बताया गया कि उक्त बीज कंपनियों एवं दुकानदारों द्वारा भण्डारण किया गया है। भंडारित बीजों में कुछ बीज एक्सपायरी पाए गए थे, जिनका आगामी खरीफ में कृषकों को वितरण ना हो इसलिए अवैध रूप से भंडारित समस्त बीज को जब्त कर अभिरक्षा हेतु संबंधित कोल्ड स्टोरेज के संचालक रुपेश अग्रवाल के सुपुर्द किया गया। कोल्ड स्टोरेज के संचालक को नोटिस जारी कर भण्डारित बीज किस कंपनी एवं किस व्यवसायी का है इसकी जानकारी मांगी गई है।

---

# चोरी का सामान खरीदने वाले समेत 4 गिरफ्तार, जेवर बरामद

**अंबिकापुर।** सूने मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले खरीददार समेत 4 को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामन भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बिशुनपुर खुर्द गोरसीडबरा निवासी अनिल कुमार दास का परिवार 4 फरवरी को जगन्नाथपूरी के दर्शन करने गया हुआ था। इस दौरान 5 फरवरी को अनिल कुमार दास के भाई सुदामा ने फोन पर बताया की घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने के बाद मकान मालिक वापस लौटा तो देखा की घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। चोर घर के अंदर मौजूद आलमारी का ताला तोड़कर 1 नग सोने का चैन, 1 नग बच्चों का चांदी कड़ा, 1 नग सोने का लॉकेट, 1 नग सोने का नाक का नथनिया, 1 जोड़ी चांदी का पायल, 1 नग चांदी का कड़ा, 2 नग सोने का अंगुठी लगभग 1 लाख 30 हजार रूपए का सामान चोरी कर ले गए थे।

---

# अंदरूनी चोट ने ली चार कछुओं की जान

**बिलासपुर।** रतनपुर के मां महामाया मंदिर के कुंड में मिले चार कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट को बताया गया है, जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने जांच शुरु कर दी है।

बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र में आने वाले रतनपुर मां महामाया मंदिर के कुंड में एक साथ चार कछुओं की मौत हो गई थी। चार कछुओं को मृत अवस्था में देखकर मौके पर हड़कंप मच गया। रतनपुर मंदिर प्रबंधन ने इसकी सूचना वन परिक्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर रेंजर और स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां कुंड से मरे हुए कछुओं को बाहर निकाला गया। कछुओं को निकालने के बाद कानन पेण्डारी जू रेस्क्यू हास्पिटल के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन ने रतनपुर में पहुंचकर पोस्टमार्टम किया, जिसके बाद मृत कछुओं को रेंज कार्यालय ले जाया गया। पिछले वर्ष यानि 9 माह पहले अप्रैल माह में भी रतनपुर के कुंड में एक साथ 30 से अधिक कछुए मृत अवस्था में मिले थे, जो जाल में फंसे हुए थे। यह मामला कुछ दिनों तक चला, लेकिन बाद में यह ठंडे बस्ते में चला गया। चार दिन के बाद कानन पेण्डारी जू के चिकित्सक ने अपनी रिपोर्ट बिलासपुर वन मंडल को सौंप दी। इस रिपोर्ट के अनुसार कुंड में मिले मृत कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट बताया गया है। डॉक्टर की रिपोर्ट मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर और स्टाफ ने अपनी जांच शुरु कर दी है।

#### चोट की जानकारी नहीं

डॉक्टर की रिपोर्ट में कछुओं के मौत की जानकारी अंदरूनी चोट के कारण बताई गई है। संभवतः कुंड के अंदर उनका आपस में द्वंद हुआ होगा, जिसकी वजह से उन्हें चोट पहुंची। वहीं चोट किस कारण से लगी यह जानकारी नहीं है। रिपोर्ट के बाद जांच शुरु करते हुए सीसी टीवी फुटेज चेक करने के अलावा पूछताछ भी शुरु कर दी गई है।

**-देवसिंह ठाकुर**
रेंजर, रतनपुर वन परिक्षेत्र

## खबर संक्षेप

### अखण्ड नवधा रामायण में श्री राठौर ने पूजा अर्चना कर किया कथा श्रवण

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार में नवधा समिति द्वारा आयोजित श्री अखण्ड नवधा रामायण में डॉ. विजय राठौर जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भगवान श्रीरामचंद्र का पूजा अर्चना कर कथा श्रवण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जहां प्रभु श्री राम की कथा होती है वहां साक्षात हनुमान जी मौजूद रहते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन से गांव में खुशहाली, सुख समृद्धि बनी रहती है। कथा स्थल आकर परमानंद की अनुभुति हो रही है। इस दौरान दुर्गेश कश्यप ने नर्मदा मेडिको धतुरा के सौजन्य से 9 दिन तक राम चरित मानस अविरल धारा बहाने वाले कलाकारों को भगवा गमछा से सम्मान किया। इस अवसर पर अमरनाथ कौशिक, लक्ष्मी श्रीवास, शंकर साहु, दिनेश वाजपेयी, कुंजराम, झुम्मन, हरप्रसाद, प्रकाश दास, शिवनंदन, संतोष मरावी, नितेश पांडे, रामस्नेही सहित अन्य रामभक्तजन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण, शाखकर्तन, अग्नि से सुरक्षा व हाथी से बचाव पर कार्यशाला



**कोरबा।** तेन्दूपत्ता संग्रहण, शाखकर्तन, अग्नि से सुरक्षा एवं हाथी से बवाव के संबंध में ग्राम पहाड़गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वन परिक्षेत्र चैतमा के लगभग 295 फड़मुंशी, फड़ प्रभारी, संग्राहक, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी, चैतमा के द्वारा जंगल को आग से बचाने हेतु कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रशिक्षणाथियों एवं ग्रामीणों को संकल्प (वचन) दिलवाया गया। प्रशिक्षणार्थियों को शाखकर्तन कार्य, जंगल की सुरक्षा, विनाश विहीन पद्धति से लघु वनोपज संग्रहण, जंगल से आग को बचाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तेन्दूपत्ता संग्रहण से लोगों को आमदनी के साथ-साथ बीमा योजना एवं छात्रवृत्ति योजना का लाभ के बारे बताया गया। जंगल में आग लगने से सैकड़ो वर्षों के संसाधन पल भर में जल कर नष्ट हो जाते है। जंगल को आग से बचाने के लिये सभी को दृढ संकल्पित होना चाहिये। हाथी विचरण के समय जंगल में न जाना, जंगली हाथी दिखने पर तत्काल स्थानीय वन विभाग को सूचित करने हेतु ग्रामीणों को बताया गया। कार्यशाला में श्रीमती संतोषी बाई, राजकुमार कंवर, संतोष सिंह, भारत सिंह मरावी, ललित सिंह तंवर, जयपाल सिंह, धरम सिंह खुसरो, सरदेशी राम देवांगन उपस्थित रहे।

### आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में थाना पसान द्वारा क्षेत्र में बढ़ती लूट, उठाईगिरी, चोरी एवं धोखाधड़ी जैसी आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनियादी कराकर आमजन को अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों के प्रति सतर्क रहने, बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। थाना प्रभारी द्वारा ग्राम पसान के साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर सराफा व्यापारियों एवं अन्य दुकानदारों को आवश्यक सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से संचालित रखने, लेन-देन में विशेष सावधानी बरतने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पसान ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्र की शराब भट्टी के सुपरवाइज़र को भी उठाईगिरी, लूट एवं डकैती की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कार्यालय, परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सतत चालू रखने एवं निगरानी सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने लगाये आकर्षक स्टॉल

**कोरबा।** पाली महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक विभागीय स्टॉल स्थापित किया गया। स्टॉल का मुख्य थीम प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर केंद्रित था, जिसे मॉडल के रूप में सुसज्जित कर प्रदर्शित किया गया। स्टॉल में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रदत्त वित्तीय सहायता, पंजीयन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं लाभ प्राप्ति की संपूर्ण जानकारी सरल एवं दृश्यात्मक माध्यम से प्रस्तुत की गई। आगंतुकों ने मॉडल के माध्यम से योजना की प्रक्रियाओं को समझा तथा उपस्थित पर्यवेक्षको से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। स्टॉल में वजन त्यौहार पर केंद्रित विशेष कॉर्नर भी बनाया गया, जिसमें बच्चों के नियमित वजन मापन, कुपोषण की पहचान, ग्रोथ मॉनिटरिंग एवं पोषण परामर्श की जानकारी दी गई। आम नागरिकों, विशेषकर माताओं एवं अभिभावकों ने इसमें विशेष रुचि दिखाईइसके अतिरिक्त महिला स्व-सहायता समूह द्वारा स्थापित किए जा रहे रेडी टू ईट यूनिट का मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। पाली महोत्सव में लगाए गए इस विभागीय स्टॉल ने न केवल जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बना।

# डिजिटल धोखाधड़ी की कार्यशाला में छात्रों की जिज्ञासा का हुआ समाधान

## अधिकारियों से छात्रों ने पूछे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्पैम के माध्यम से डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति सतर्कता-सजगता एवं सुरक्षा, साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता पर कमला नेहरु महाविद्यालय में आयोजित वर्कशाप में आयोजन हुआ। प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में कंज्यूमर एजुकेशन वर्कशॉप पर फोकस करते हुए इस वर्कशाप के मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से आए वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के कस्टमर सर्विस विभाग के सहायक महाप्रबंधक जतिन भट्ट ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने साइबर अपराध से संबंधित विभिन्न प्रकार की ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल सतर्कता पर विस्तार से जानकारी दी। साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताने के साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर ने इस कार्यशाला को आवश्यक व उपयोगी बताते हुए छात्र-छात्राओं को ध्यानपूर्वक ज्ञानवर्धन करने प्रेरित किया। कंप्यूटर साइंस विभाग के समन्वयन से यह कार्यक्रम कंप्यूटर लैब में रखी गई थी। इस अवसर पर आईटी विभागाध्यक्ष डॉ बिना विश्वास, आशुतोष शर्मा, अभिषेक तिवारी, सुधा जायसवाल समेत महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को सस्पेक्टेड स्पैम, अन्सोलिसिटेड कमर्शियल कम्युनिकेशन (यूसीसी), डिजिटल अरेस्ट, एसएमएस और वाइस काल के जरिए मोबाइल यूजर्स से धोखाधड़ी या बेचने का झांसा देकर फ्रॉड पर महत्वपूर्ण बातें साझाकी गई। साथ ही डू नाट डिस्टर्ब (डीएनडी) एक्टिवेट करने व ट्राई के एप पर साइबर ठगी से बचने की विधियों से भी अवगत कराया गया।

**खास बात**

- वोडाफोन आइडिया कस्टमर सर्विस के महाप्रबंधक ने किया संबोधित



## सभी पीडीएस दुकानों में 50 हजार क्विंटल चावल कराया जा रहा है भंडारण

# चावल संकट के बीच विभाग जुटा चावल उत्सव मनाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चावल के संकट के बीच जिला प्रशासन शुक्रवार 20 फरवरी को सभी पीडीएस दुकानों में चावल उत्सव मनाने की तैयारी में जुट गया है इसके लिए 50 हजार क्विंटल चावल के भंडारण का लक्ष्य विभाग के द्वारा रखा गया है और दो दिन में ही सभी पीडीएस दुकानों में भंडारण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस बीच पिछले कुछ दिनों से चावल का संकट झेल रही अधिकांश पीडीएस दुकान हितग्राहियों के झंझट से बचने के लिए खुल ही नहीं रही हैं।

पीडीएस दुकानों में चावल उत्सव मनाने की तैयारी जोर शोर से हो रही है। इसके लिए खाद्य विभाग, विपणन विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम तीनों विभाग संयुक्त रुप से चावल भंडारण की तैयारी में जुटे हुए हैं। वर्तमान में सक्ती जिले से ही जो चावल की आपूर्ति हो रही है उसके भरोसे जिला प्रशासन चावल उत्सव मनाएगा इसके लिए प्रत्येक पीडीएस दुकान की मांग का आधा चावल ही भंडारित किया जा रहा है इससे जाहिर होता है कि केवल उत्सव मनाने के लिए ही आनन फानन में चावल का जुगाड़ किया जा रहा है। 400 पीडीएस दुकानें जिले में संचालित हैं और सभी में 20 फरवरी को चावल उत्सव मनाना है और जो स्थिति नान के गोदामों में नजर आ रही है उससे सभी दुकानों में चावल का भंडारण किए जाने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि प्रशासन सभी दुकानों में भले ही थोड़ी मात्रा में चावल पहुंचे लेकिन भंडारण हर हाल में कराएगा।

**खास बात**

- 20 फरवरी को चावल उत्सव मनाने के जारी किए गए हैं निर्देश



फाइल फोटो

**बैरंग लौट रहे दुकानों से एपीएल हितग्राही**

शहरी क्षेत्र में एपीएल हितग्राहियों की संख्या सर्वाधिक है और चावल संकट की मार एपीएल हितग्राही ही झेल रहे हैं। शहरी क्षेत्र में तो पीडीएस दुकानें खाद्यान्न नहीं होने के कारण बंद पड़ी हुई हैं और जब भी खाद्यान्न पहुंचता है तब दुकान खोलने पर केवल बीपीएल हितग्राहियों को ही चावल दिया जा रहा है और उसमें भी जो पहले आया उसे ही इसका लाभ मिल रहा है। एपीएल हितग्राहियों को उनके कोटे का चावल नहीं आने का हवाला देकर बैरंग लौटाया जा रहा है।

## वाइब्रेंट एकेडेमी का फिर से जेईई परिणाम में वर्चस्व कायम



सफल प्रतिभागी छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत 5 वर्षों से जेईई में ऐतेहासिक परिणाम की परंपरा कायम रखते हुए शानदार परिणाम प्रस्तुत किया है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सचमीत सिंह खालसा 99.99 प्रतिशत, प्रांशु हेमंत 99.24 जैसे कई छात्रों ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए परिणाम प्रस्तुत किया तथा अपने शहर के रेल्वे क्षेत्र के दिविज दुम्पाला पिता डी मुरलीधर ने 98.99 प्रतिशत, सय्यम घोष मोपका ने 98.2 जेईई, सत्यम शर्मा पिता मनीष शर्मा परसदा 96 प्रतिशत, गोपाल यादव माता श्रीमती शारदा यादव ने 97 प्रतिशत, श्रेयस तिवारी पिता सुब्रत तिवारी 97 प्रतिशत, हिर्षिल साहू पिता देवसिंह साहू ने 95 प्रतिशत, भूषण साहू पिता वायके साहू 95 प्रतिशत अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के लिए ऐतेहासिक परिणाम कायम रखा। लगातार 4 वर्षों से वाइब्रेंट एकेडेमी ने ही जेईई एडवांस में राज्य की सर्वश्रेष्ठ रैंक 1 दिया है। इस बार भी उपरोक्त छात्रों ने एडवांस में परिणाम फिर दोहराने का वादा किया है, संस्था के एचओडी रत्नेश केसरी, ब्रांच मैनेजर रौशन पाण्डेय, गणित के शिक्षक गुलशन चंद्रा, महावीर राठौर, केमिस्ट्री एचओडी जितेंद्र शर्मा, शिक्षक रमन विश्वास, फिजिक्स पिंकेश बड़ोदिया, श्रीमती सोनिया छाबड़ा ने छात्रों को बधाई देते हुए एडवांस में परंपरा दोहराने की मांग की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महानदी काम्प्लेक्स में दुकानों के सामने गुमटी लगने से लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका स्थित महानदी काम्प्लेक्स में दुकानों के सामने लम्बे समय से ठेले व गुमटी वाले दुकान लगा रहे हैं जिससे व्यवसायी, ग्राहक एवं आमजन भी लम्बे समय से परेशानी का सामना कर रहे है। इसकी लिखित शिकायत नगर निगम, पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सेकी गई है। जितनी बार शिकायत होती है, कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर उन्हें हटाया जाता है फिर अगले दिन से फिर दुकान लगाना शुरु कर देते हैं। दुकानदारों के द्वारा ऐसे ठेले व गुमटी संचालकों को जब दुकान संचालन नहीं करने की बात कही जाती है तो उनका जवाब होता है कि हमने नगर निगम से परमिशन ली है हमें कोई नहीं हटा सकता। हैरानी वाली बात यह है कि व्यवसायियों द्वारा जब ठेले गुमटियों के समीप अपना वाहन खड़ा किया जाता है तो उसे भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है सवाल यह उठता है कि जब निगम द्वारा ठेले गुमटी संचालकों को व्यवसाय के लिए चौपाटी में जगह दी गई है फिर कॉम्प्लेक्स के सामने ठेले गुमटी का संचालन करना कहां तक सही है। व्यवसायियों का आरोप है कि नगम व प्रशासन द्वारा ठेले व गुमटी संचालकों पर कार्यवाही नहीं किये जाने से उनके हौंसले बुलंद हैं। रोजाना नए नए ठेले व गुमटी लगाए जा रहे हैं जिससे वाहन पार्किंग सहित दुकानों में पहुंचने वाले ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई में अपनी रैंकिंग सुधारने की बात कही जा रही है पर इसमें अमल होता नहीं दिख रहा है। ठेले वाले रोड पर और दुकान के सामने गंदगी फैला रहे हैं। जिसे देखकर भी निगम प्रशासन मौन है। शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से दुकान संचालकों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।



## कालोनी के चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फेडरेशन ने दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महामंत्री आरसी चेट्टी के नेतृत्व में संगठन प्रतिनिधियों ने डीएसपीएम आवासीय परिसर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए डीएसपीएम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल से चर्चा की।

**खास बात**

- सिविल समस्याओं को लेकर फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल मिला मुख्य अभियंता से

आरसी चेट्टी ने मुख्य अभियंता को बताया कि कॉलोनी परिसर की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, पर्याप्त कर्मचारियों की कमी के कारण कॉलोनी की साफ सफाई, जल प्रदाय, कारपेंटर वर्क और प्लंबिंग कार्यों में लगातार परेशानी हो रही है, सिवरेज लाइन के लिए बने गड्ढों पर ढक्कन ना होने से आए दिन उसमें दुर्घटनाएं हो रही हैं। कॉलोनी परिसर में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से कर्मचारी परिवारों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है,वर्षों पुराने बने आवासों की पर्याप्त मरम्मत नहीं होने से उनकी स्थिति काफी खराब हो रही है और उनमें हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने बताया कि नए आवास आबंटन नीति के तहत कर्मचारियों से बढ़ा हुआ किराया लिया जा रहा है किंतु पूर्व से अनुबंध कराकर रह रहे बाहरी लोगों से बढ़ा हुआ किराया नहीं लिया जा रहा है और ना ही नया अनुबंध किया जा रहा है जो कि न्यायसंगत नहीं है। सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद मुख्य अभियंता ने संगठन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का उचित निराकरण किया जाएगा और कॉलोनी परिसर की व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु शीघ्र ही अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रयास किया जाएगा, चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव दिया गया है जल्द ही सभी जगहों पर कैमरा लगाया जाएगा,नए आवास आबंटन नीति अनुसार पूर्व से अनुबंध कराकर रह रहे लोगों से नया अनुबंध कराकर बढ़ा हुआ किराया लिया जाएगा। उन्होंने संगठन प्रतिनिधियों से समय समय पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण में प्रबंधन का सहयोग करने की अपील की।

बैठक में मुख्य अभियंता संजीव कंसल, राजेश्वरी रावत अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टीएसएस), तारामणि तिग्गा कार्यपालन अभियंता (सिविल), देवीशंकर राय अधीक्षण अभियंता (मानव संसाधन), गोवर्धन सिदार, सचिव सरोज राठौर, पवन दास, घनश्याम साहू, अध्यक्ष संतोष सिंह उपस्थित रहे।



मुख्य अभियंता से मिलते फेडरेशन के पदाधिकारी।

## सोनालिया पुल पर अंडरब्रिज बनाने वर्क ऑर्डर जारी, किया गया संयुक्त सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनाने ठेका कंपनी शीला कंस्ट्रक्शन रायपुर से सेतु निर्माण विभाग ने अनुबंध कर लिया है। ठेका कंपनी को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। ठेका कंपनी ने रेलवे के साथ सर्वे किया है। क्रॉसिंग से केबल और बॉक्स को हटाने डिमांड नोट मिलना बाकी है। निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। निर्माण में डेढ़ साल का समय लगेगा।

उल्लेखनीय है कि अंडर ब्रिज निर्माण कार्य अधर पर लटका हुआ था। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी सेतु निर्माण के अधिकारी सक्रिय हुए। अंडरब्रिज निर्माण के लिए रायपुर की कंपनी को 17.45 करोड़ में ठेका दिया गया है। दो साल पहले जिला खनिज न्यास मद से निर्माण के लिए 50 प्रतिशत राशि की मंजूरी मिली थी। इसके बाद से ही अंडरब्रिज की प्रक्रिया चल रही है। इसकी लागत 30 करोड़ 97 लाख 89 हजार रुपए है। जिसमें निर्माण के साथ ही मुआवजा, बिजली और पाइप लाइन की शिफ्टिंग के लिए भी राशि का प्रावधान है। इसकी आधी राशि रेलवे देगा। 1 साल पहले रेलवे और सिंचाई विभाग की जमीन से मुआवजा देने के बाद 88 मकानों को खाली भी कराया जा चुका है। निर्माण स्थल से पाइपलाइन व बिजली खंभे की शिफ्टिंग भी होने है। ठेका कंपनी को वर्क आर्डर जारी हो चुका है। रेलवे प्रबंधन के साथ सर्वे होने के बाद कुछ औपचारिकताएं बाकी है। निर्माण का काम शीघ्र शुरू हो इसका प्रयास कर रहे हैं।

**खास बात**

- ठेका कंपनी शीला कंस्ट्रक्शन ने सेतु निर्माण विभाग से किया अनुबंध

## लोकतंत्र की मज़बूती के लिए युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सतीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु 18 फरवरी को सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में स्व प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एस.आई.आर.का महत्व बताया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक युवा को एक जागरूक मतदाता के रूप में अपने मतदान केंद्र में अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के गठन के उद्देश्यों को विस्तार से बताया तथा युवाओं से लोकतंत्र की मज़बूती के लिए आगे आकर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना खरे ने स्वीप कार्यक्रम की गतिविधियों में महाविद्यालय द्वारा सदैव अग्रणी रूप से सहयोग किये जाने की जानकारी दी।



शपथ लेते हुए कालेज के प्राध्यापक व सहायक नोडल अधिकारी।

## शत-प्रतिशत मतदान और पंजीकरण जागरूकता का लिया संकल्प

**कोरबा।** जिले के युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु 18 फरवरी को सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में स्व प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदान के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एस.आई.आर.का महत्व बताया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक युवा को एक जागरूक मतदाता के रूप में अपने मतदान केंद्र में अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किये।कार्यक्रम के अंत में सभी ने शपथ लेकर शत-प्रतिशत मतदान और पंजीकरण के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26**
**ग्राम-कोरबा प०ह०नं० 16**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजेश्वरी आदिले पति श्री रविशंकर आदिले जाति सतनामी निवासी मकान नंबर 89/5/A वार्ड कमांक 26 बालको नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं0 16 में ख0नं0 235/1 स्थित है, जिसमें भूखण्ड/भवन क. LIG-214 क्षेत्रफल 171.105 वर्गमीटर को विक्रेता श्री के.के. चाको पिता स्व० के.सी.कोचापू जाति ईसाई निवासी शिवाजी नगर कोरबा से पंजीकृत विकय विलेख दिनांक 19/01/2024 के माध्यम से क्रय करने उपरांत उक्त भूखण्ड को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 27/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### पाली महाविद्यालय में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का हुआ आयोजन

**चैतमा।** शासकीय महाविद्यालय पाली में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन एआईऔर मानव जीवन चुनौतियां और सम्भावनाएं विषय पर सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में डॉ सन्दीप पाठक, डॉ रेहान अहमद, डॉ महेश शुक्ला और डॉ इरशाद हसन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दूसरे सत्र में प्रदेश के विभिन्न कालेजों से सौ से अधिक प्राध्यापक, और शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। जिनमें चुनें हुए तीस से अधिक शोध पत्र पढ़े गये। इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन पीएम उषा के तहत प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाज रस के निर्देशानुसार किया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार के समन्वयक डॉ शेख तस्लीम अहमद, आयोजन सचिव हर्ष पान्डेय तथा तकनिकी सचिव सुनील कवर थे। इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में प्राप्त शोध पत्र का एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया गया तथा चुनें हुए श्रेष्ठ शोध पत्र का अन्तर्राष्ट्रीय पियर रिव्यू शोध पत्रिका में प्रकाशित भी किया जाएगा और श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतकर्ता के साथ ही यंग साइटिस्ट अवार्ड भी महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। सेमीनार में डॉ कविता ठक्कर, डॉ जुही देवांगन, टीकाराम कश्यप, सन्त कुमार खान्डेकर, सुश्री वर्षा लकरा, रीता पटेल, सत्येन्द्र सिंह भारती देवांगन, प्रीति खान्डेकर, मनहरण अनंत, डॉ शिव दयाल पटेल, शिव दुबे, डॉ राधे श्याम साहु, डॉ ममता ठाकुर उपस्थित रहे।

### जनगणना प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा जारी की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित किया जाएगा, जिसका समय प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण दो अलग-अलग सत्रों में क्षेत्रवार संपन्न होगा। प्रथम सत्र के अंतर्गत 25 एवं 26 फरवरी को जिले के समस्त ग्रामीण चार्ज के अधिकारियों, जिनमें कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली, पोड़ीउपरोड़ा, भैसमा, बरपाली, दीपका, हरदीबाजार, दर्री, अजगरबहार एवं पसान के सभी तहसीलदार शामिल हैं, को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। द्वितीय सत्र का आयोजन 27 व 28 फरवरी को किया जाएगा।

### तिलकेजा में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन



**भैसमा।** पीएम श्री सेजेस तिलकेजा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत जर्वे में संपन्न हुआ। यह शिविर 10 से 16 फरवरी तक आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनभावन सिंह तंवर सरपंच ग्राम पंचायत जर्वे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपी यादव, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला जर्वे द्वारा की गई। इस विशेष शिविर की थीम नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवा निर्धारित की गई थी। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न रचनात्मक एवं जनहितकारी कार्य संपादित किए गए। शिविर अवधि के दौरान परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों द्वारा तालाब की पचरी में व्यापक स्वच्छता अभियान, धार्मिक स्थल हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति हेतु जागरूकता रैली एवं जनसंपर्क अभियान, श्रमदान के माध्यम से प्राथमिक शाला जर्वे में अधूरे मंच का निर्माण पूर्ण किया गया तथा रंग-रोगन (पुताई) कार्य संपन्न हुआ। शिविर की समस्त गतिविधियाँ कार्यक्रम अधिकारी एमएल कंवर तथा सहायक कार्यक्रम अधिकारी एनपी बरेठ के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित होने वाले हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 की कुशलता पूर्वक संचालन एवं परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर नियंत्रण हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर ने परीक्षा दिवस को केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन कर विभिन्न अधिकारी कर्मचारी का ड्यूटी निर्धारित की है। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से 12.15 बजे तक निर्धारित है। इन परीक्षाओं में नियमित, स्वाध्यायी, पत्राचार के माध्यम से सम्मिलित होने वाले छात्र, छात्राओं की परीक्षा पृथक-पृथक दिनांक को आयोजित होगी। जिले हेतु रिजर्व दल के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। उड़नदस्ता दलों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा तिथि को प्रातः 8 बजे नोडल/सहायक नोडल अधिकारी के समक्ष जिला कार्यालय में उपस्थित होंगे। निर्धारित रूट अनुसार परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे तथा बनाए गये नकल प्रकरण की वस्तु स्थिति की जानकारी परीक्षा प्रभारी को अवगत करायेंगे साथ ही परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग ना हो तथा परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हो इसका विषेष ध्यान रखेंगे।

# पीएम स्व निधि के बैंकों में लंबित हैं प्रकरण, बैठक में हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निगम आयुक्त के दिशा निर्देशन में बैंकों की बैठक लेकर पीएम स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई, समीक्षा करते हुए अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने लंबित प्रकरणों पर अफसोस जाहिर करते हुए बैंकों को निर्देश दिये कि योजना के अंतर्गत लंबित सभी ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराये ताकि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ संबंधित हितग्राहियों को त्वरित रूप से प्राप्त हो सके।

जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को 15 हजार रूपये का बिना गारंटी वाला कार्यशील पूंजी ऋण दिया जाता है, फिर बाद में 25 हजार रूपये एवं 50 हजार रूपये के ऋण 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रदान किये जाते हैं, इस योजना का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, डिजिटल लेन-देन का बढ़ावा देना एवं पथ विक्रेताओं को हुए आर्थिक नुकसान से उबरना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना है। इस मौके पर उपायुक्त नीरज कौशिक, बैंकों के प्रबंधक तथा जिला शहरी विकास अभिकरण के जिला मिशन प्रबंधक मनीष भोई उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान श्री भोई ने बताया कि वर्तमान में शासन के लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न बैंकों में 12 हजार 980 हितग्राहियों के ऋण आवेदन आनलाईन जमा कराये गये हैं, जिसमें से 10153 हितग्राहियों का ऋण आवेदन बैंकों के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, वहीं 9615 हितग्राहियों को अब तक योजना से ऋण वितरण कर लाभान्वित किया जा चुका है। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने शेष लंबित प्रकरणों पर अफसोस जाहिर करते हुए संबंधित बैंकों को निर्देशित किया कि वे शासन की इस महती व जनकल्याणकारी योजना को गंभीरता से लें तथा योजना के सफल क्रियान्वयन में अपना सहयोग दें। उन्होने बैंको से कहा कि शेष लंबित सभी प्रकरणों के निराकरण हेतु बैंक त्वरित आवश्यक कार्यवाही कराये तथा प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें ताकि शासन की मंशा के अनुरूप हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

**12980 आवेदन मिले थे आवेदकों से**

**खास बातें**

- प्रकरणों का तत्काल निराकरण किए जाने हेतु बैंकों को दिए गए निर्देश



## सम्मेलन में 3110 श्रमिकों को कुल 1.23 करोड़ की सहायता राशि की गई वितरित

# श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : लखनलाल



श्रमिकों को चेक वितरण करते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रमवीर प्रदेश की रीढ़ हैं। उनके अथक परिश्रम और समर्पण से ही बड़े निर्माण कार्य, अधोसंरचना विकास एवं औद्योगिक प्रगति संभव हो पा रही है। श्रमिकों के खून-पसीने की मेहनत से ही प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्रमिकों एवं उनके परिजनों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने राजीव गांधी ऑडिटोरियम में श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि श्रमवीरों और उनके परिवार को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हुए विगत दो वर्षों में 8सौ करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जा चुकी है। श्रमिकों के लिए आवास निर्माण सहायता, सुरक्षा उपकरण सहायता, महतारी जतन योजना, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता, नोनी सुरक्षा योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति, श्रमिक सियान सहायता योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ संचालित हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन, छात्रवृत्ति, गणवेश एवं साइकिल वितरण जैसी सुविधाओं के साथ बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाले श्रमिकों के बच्चों को 1 लाख रुपये की मेधावी छात्रवृत्ति तथा विदेश में अध्ययन हेतु 50 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति का प्रावधान है। अब योजनाओं की सहायता राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है। आज भी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में प्रेषित की गई है।

### जनताजनार्दन का यह विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी धरोहर

यह मेरा सौभाग्य है कि कोरबा की देवतुल्य जनता ने सदैव मुझ पर अपना विश्वास व्यक्त किया है तथा जनताजनार्दन का यह विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी धरोहर है। नगर निगम क्षेत्र में जनताजनार्दन की इच्छा व उनकी आवश्यकता के अनुसार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराये जा रहे हैं, विगत 2 वर्ष व 1 महीने के इस कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र के लिये विभिन्न मदों से 850 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं, जिले में लगभग 5 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के रविशंकर नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 28 एवं वार्ड क्र. 27 में 72 लाख रूपये के नये विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन और महापौर संजूदेवी राजपूत के द्वारा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कुछ वर्षों से कोरबा का विकास रूका हुआ था, अब उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा ने पुनः विकास की रफ्तार पकड़ ली है तथा निगम के सभी वार्डों में बडे पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं, बर्षों की समस्याएं दूर की जा रही है। वार्ड क्र. 27 महाराणा प्रताप नगर दशहरा मैदान में सामुदायिक भवन का निर्माण 4 लाख रूपये की लागत से कराया गया है, उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उक्त नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए भवन को जनसेवा हेतु समर्पित किया। अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सामुदायिक भवन में कुर्सी व टेबल की उपलब्धता किये जाने हेतु अपने मद से 25 हजार रूपये की घोषणा की तथा उक्त राशि तत्काल दिये जाने के संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वार्ड क्र. 28 अंतर्गत कुआंभट्ठा बुधवारी बायपास स्थित विवेकानंद सेवा सदन के द्वितीय तल में 25 लाख रूपये की लागत से हाल व कक्ष का निर्माण, वार्ड क्र. 28 अंतर्गत कन्या महाविद्यालय के पीछे ब्रम्हवाटिका के पास 5 लाख रूपये की लागत से किचन शेड का निर्माण एवं वार्ड क्र. 28 के ही अंतर्गत अपना घर के पास 30 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण, महाराणा प्रताप नगर एक्सटेशन में 12 लाख रूपये की लागत से आरसीसी नाली व कलवर्ट का निर्माण भी निगम द्वारा कराया जाना हैं।

### जिले में बकरियों के कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा शुरू

**कोरबा।** जिले के पशुपालकों व बकरी पालकों के उन्नति, बेहतर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तरी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि जिले के 15 संस्थाओं में नियुक्त पशु चिकित्सकों और एवीएफओ को अंबिकापुर में 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिलाने के पश्चात अब मैदानी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत केंद्रीय वीरुजालय दुर्ग से प्राप्त जमुनापारी, बारबरी, ब्लैक बंगाल और सिरोही जैसी उन्नत नस्लों के बकरों के सीमेन का उपयोग किया जा रहा है। पूर्व में पाली विकासखंड में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर किए गए 55 कृत्रिम गर्भाधानों से 30 स्वस्थ मेमने प्राप्त हुए हैं, जिससे पशुपालकों में भारी उत्साह है। वर्तमान में जिले की 15 संस्थाओं में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं और जल्द ही यह सुविधा सभी विकासखंडों में उपलब्ध होंगी। जिससे बकरी पालक किसानो को अधिकाधिक लाभ मिलेगा। विभाग का लक्ष्य उन्नत नस्लों के माध्यम से स्थानीय पशुपालकों की आय में वृद्धि करना और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस हेतु सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को मैदानी स्तर पर प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को अधिकाधिक लाभ देने निर्देशित किया गया है।

# ग्रामीण की गौठान में संदिग्ध अवस्था में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस



घटनास्थल में पड़ी मृतक की लाश।

**खास बात**

- मंगलवार की रात दिशा मैदान के लिए निकला था ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक अधेड़ व्यक्ति अपने घर से दिशा मैदान के लिए रात को निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। जब अगले दिन सुबह उसकी खोजबीन शुरु की गई तो उसकी लाश गांव के गौठान में संदिग्ध अवस्था में मिली है। संभावना जतायी जा रही है कि ग्रामीण की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। बताया जाता है कि जंगली जानवरों को शिकार के लिए संभवतः जाल बिछाया गया था जिसकी जद में आने से ग्रामीण की मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांधपाली के गोठान के समीप सुबह तड़के एक व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बांधापाली निवासी बहादुर सिंह अगरिया लगभग 45 वर्ष पिता नेगी सिंह के रूप में की गई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार शव के चेहरे पर जलन जैसे निशान दिखाई दे रही थी। घटना की सूचना मिलते ही करतला थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव दल बल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। करतला थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान संभवतः करंट लगने से ग्रामीण की मौत हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि जंगली जानवरों को शिकार करने के लिए जंगल में जाल बिछाया गया होगा जिसकी चपेट में आने से बहादुर सिंह की मौत हुई होगी।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हारिया मोड से कुछ ही दूरी पर कोरबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीबी 8170 ने स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 12 एआर 5587 को चपेट में लिया। जिससे बाइक में सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से ट्रेलर को छोड़कर भाग गया है।



हादसे के बाद सड़क में लगी भीड़।

बताया जाता है कि मृतक की पहचान विकासनगर कुसमुंडा निवासी अरुण कुमार के रुप में की गई है। घटना की सूचना मिलने कुसमुंडा थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय दल बल सहित मौके पर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करते हुए,आरोपी चालक को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित वाहन जब्त किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरबा कुसमुंडा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है, जिस वजह आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### जटगा व कोरबी समिति में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगा उपार्जन

**कोरबा।** जिले के किसान प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर, एवं सरसों का विक्रय आदिम जाति सहकारी समिति के माध्यम से कर सकेंगे। जिस हेतु पात्र इच्छुक किसान अपना पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से 28 फरवरी तक करा सकते हैं। उपार्जन की अवधि मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन हेतु 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी तक, अरहर एवं सरसों के लिए 15 फरवरी से 15 मई तक तथा चना एवं मसूर के लिए 1 मार्च से 30 मई तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जटगा एवं कोरबी (पोड़ीउपरोड़ा) में किया जाएगा। उपार्जन हेतु फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित है जिसमें अरहर-8 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मूंग-8768 हजार रुपए प्रति क्विंटल, उड़द-7800 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली-7263 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन-5328 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पाली महोत्सव में लगे थे प्रशानिक विभागों के स्टाल

# सांसद पहुंचीं गढ़ कलेवा, महिला समूह की मेहनत को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दो दिवसीय पाली महोत्सव में इस वर्ष महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई। जिला प्रशासन द्वारा कटघोरा की श्रीया महिला स्व-सहायता समूह को गढ़ कलेवा नाम से पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टॉल लगाने की अनुमति प्रदान की गई, जो महोत्सव का प्रमुख आकर्षण बना।



महिला समूह के सदस्यों के साथ सांसद।

पाली महोत्सव के समापन में शामिल होने पहुंचीं कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने महिला समूह के इस स्टॉल का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की खुलकर सराहना की। उन्होंने समूह द्वारा तैयार किए जा रहे पारंपरिक व्यंजनों की गुणवत्ता और प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए इसे महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। गढ़ कलेवा स्टॉल में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खानपान संस्कृति की झलक देखने को मिली। यहां चीला, फरा, चौसेला, बड़ा, पापड़, बड़ी, बिजोरी और अरसा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध रहे, जिनका आनंद महोत्सव में आए अतिथियों, कलाकारों, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने लिया। इन व्यंजनों को लोगों ने बेहद पसंद किया, जिससे स्टॉल पर लगातार भीड़ बनी रही। समूह की अध्यक्ष नीलम सोनी ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भी स्टॉल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अवसर ने न केवल छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा दिया, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी मदद की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने के लिए उनका समूह सदैव तत्पर रहेगा। महिला समूह ने इस मंच के माध्यम से अपनी कला और परंपरा को प्रस्तुत करने का अवसर मिलने पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411